an>

Title: Regarding problems of granite based stone crusher industries in Banda Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : धन्यवाद अध्यक्षा जी।

मेरे संसदीय क्षेत्र सहित पूरे बुंदेलखंड के अंदर ग्रेनाइट बड़ी मात्रा में पाया जाता है। इस पर आधारित उद्योग स्टोन क्रशन हैं, जिन्हें तरह-तरह के नियम-कानूनों का बहाना बनाकर उत्पीड़ित किया जा रहा है। जबकि वे अधिकतर सभी मानकों का पालन कर रहे हैं। मेरे क्षेत्र का यह एक मात्र उद्योगों का एक बड़ा समूह है, जिसमें निर्माण के लिए ग्रेनाइट का उत्पादन होता है तथा हजारों लोगों को इससे रोजगार मिला हुआ है।

मेरा सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध है कि बुंदेलखंड, उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े क्षेत्र बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर आदि जनपदों पर लगे स्टोन क्रशरों पर गैर सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) द्वारा बिना कागज़ातों की जांच-पड़ताल किए असत्य हलफनामे के आधार पर एन.जी.टी. (दिल्ली) में जो मुकदमे कायम कराए गए हैं, उन जारी अवैधानिक नोटिसों को रद्द कराकर संबंधित एन.जी.ओ. आदि के खिलाफ उचित कार्यवाही कर इन उद्योगों को प्रताड़ित होने से बचाया जाए, जिससे बुंदेलखंड के लाखों लोगों की रोजी-रोटी बचाई जा सके और वहां निर्माण के लिए ग्रेनाइट उपलब्ध हो सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री दुष्यंत चौटाला।